>

Title: Need to provide adequate fertilizers to farmers of Kishanganj district, Bihar.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): बिहार प्रांत के किशनगंज जिले के किसानों की जीविका खेती पर ही निर्भर है। यहां के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और कृषि व्यवस्था की जटिलताओं से तो प्रतिवर्ष दो-चार होना ही पड़ता है पर जब खेती के लिए आवश्यक डी.ए.पी./यूरिया जैसी बुनियादी चीजें ही बाजार में उपलब्ध नहीं होती हैं तो उनके लिए कंगाली में आटा गीला होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

बाजार में खाद उपलब्ध न होने या समय से न मिलने के कारण यहां के किसानों की फसलें तो खराब हो रही हैं साथ में उत्पादन में भी काफी गिरावट आ रही है।

सरकार से अनुरोध है कि जिला किशनगंज, बिहार के किसानों की इस विवशता को ध्यान में रखते हुए वहां ईमानदार एवं पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से उचित मूल्य पर डी.ए.पी./यूरिया जैसे उर्वरकों की उपलब्धता यथाशीघ्र सुनिश्चित करें।